हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 27 अक्टूबर 2025


तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 15.4 डिग्री


11 अमर बलिदानी कुशाल सिंह दहिया को किया नमन





12 विकसित भारत के लिए स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करें




## खबर संक्षेप



### पावन प्रकाश पर्व पर निकली प्रभात फेरी

**सोनीपत।** गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर सोनीपत नगर के सभी गुरुद्वारा से आजकल प्रभात फेरिया का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को सुबह के समय मॉडल टाउन में गुरुद्वारा गुरु नानक सत्संग सभा गीता भवन चौक, गुरुद्वारा कलगीधर सिंह सभा माडल टाउन, गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहब सेक्टर 15, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क से आई चारों प्रभात फेरिया का जोरदार स्वागत किया। भारी संख्या में संगत ने इस समागम में शिरकत की गुरुद्वारा समिति के महासचिव परमजीत सिंह ने सभी संगत को गुरु पर्व की बधाई दी। उन्होंने बताया गुरु नानकदेव ने अपने जीवन काल में चार उदासियों (प्रचारक यात्राएं) की एवं पैदल ही रूस, चीन, लंका, बंगाल, भूटान, उड़ीसा, कर्नाटक, मक्का, मदीना, मुल्तान आदि की यात्राएं की। मक्का मदीना में काजीओ से एवं रीठा साहब के स्थान पर सिदो से विचार गोष्ठी की। सभी को परमात्मा के एक एवं सर्वव्यापी होने के लिए समझाया। इस अवसर पर जसविंदर सिंह, रवि सचदेवा, सतीश छाबड़ा, राजेंद्र चौधरी व अन्य मौजूद रहे।

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार



**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट वेस्ट सीआईए-1 की पुलिस ने घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सुरेंद्र उर्फ बिल्लू, निवासी राठधाना, हाल पटेल नगर, जिला सोनीपत के रूप में हुई है।
आरोपित को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।मामले की जानकारी के अनुसार, 16 मार्च 2025 को सोनीपत निवासी एक महिला ने थाना सेक्टर-27 में शिकायत दी थी कि सुबह करीब साढ़े छह बजे गांव राठधाना के मोनू, बिल्लू, उसका भतीजा विनय और 50-60 अन्य लोग हथियारों सहित उनके घर का गेट तोड़कर अंदर घुस गए। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। शिकायत में बताया गया कि महिला के पति जब कमरे से बाहर आए तो आरोपितों ने उन्हें भी धमकाया और हथियार लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी।

रात को खरना पूजन के बाद घरों में महिलाओं ने मिलकर गाए छठी मइया के गीत

# छठव्रतियों ने किया खरना सांध्यकालीन अर्घ्य आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

चार दिनों तक चलने वाले सूर्य उपासना के महान पर्व छठ का दूसरा दिन रविवार को पूरे जिले में आस्था और भक्ति के रंग में डूबा रहा। इस दिन श्रद्धालुओं ने खरना का पर्व मनाते हुए 36 घंटे के निर्जला उपवास की शुरुआत की। पूर्वांचल मूल के परिवारों के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी बड़ी श्रद्धा और अनुशासन के साथ परंपराओं का पालन किया। खरना के दिन व्रती महिलाओं ने सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण किए और पूरे दिन निराहार रहकर शाम के समय मिट्टी के चूल्हे पर साठी के चावल, गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद तैयार किया। सूर्य भगवान की पूजा के पश्चात उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और इसे घर-परिवार तथा पड़ोसियों के बीच वितरित किया। खरना को छठ पर्व का शुद्धिकरण दिवस माना जाता है, जिसे लोहंडा भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, छठ माता को सूर्य देव की बहन माना जाता है। पुराणों में वर्णन मिलता है कि माता कात्यायनी, जो देवी दुर्गा के छठे स्वरूप हैं, वही छठ मैया के रूप में पूजी जाती हैं। छठ पर्व को संतान प्राप्ति और पारिवारिक कल्याण के लिए मनाया जाता है। यह पर्व न केवल पूर्वांचल बल्कि हरियाणा और उत्तर भारत के कई हिस्सों में लोक आस्था का प्रतीक बन चुका है, जहां हर वर्ष श्रद्धालु अपनी अटूट भक्ति के साथ छठ मइया की साधना में लीन दिखाई देते हैं।

**माता कात्यायनी छठ माता के रूप में पूजी जाती हैं**

### महिलाओं ने सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण किए और पूरे दिन निराहार रहकर शाम के समय मिट्टी के चूल्हे पर साठी के चावल, गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद तैयार किया



### शहर के बाजारों में रहा उत्सव का माहौल

छठ महापर्व को लेकर जिलाभर में उत्सव-सा माहौल नजर आने लगा है। बढ़ती महंगाई के चलते इस बार जहां छठ पूजन के सामान के दाम 20 फीसदी तक बढ़े नजर आए। वहीं फलों के दाम में दिवाली के बाद 15 फीसदी तक गिरावट हुई। केला 80 की जगह 60 रुपये दर्जन, सेब 100 की जगह 70 रुपये किलो, अनानास 140 के बजाय 100 रुपये, संतरा 100 के बजाय 70 रुपये, नारियल 30 से 50 रुपये, सूप (छाज) 120 से 150, बांस की टोकरी 150 से 300 रुपये, बड़ा नींबू (टाभ नींबू या गागल) 60 रुपये प्रति पीस, कच्ची हल्दी, अदरक, सुतनी 10 रुपये प्रति पीस के हिसाब से बिके। इनके अलावा सुतनी, सरिफा, गन्ना, सिंघाड़ा, छेटा, डगरा, कुनिया के दाम में 20 फीसदी की बढ़ोतरी रही। शहर की सब्जी मंडी सहित जिलाभर में कई जगह लगे बाजारों में चहल-पहल से रौनक बनी रही। श्रद्धालु छठ मइया की पूजा के लिए दिनभर पूजन सामग्री खरीदने में व्यस्त रहे है।

### आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी महिलाएं

सोमवार को श्रद्धालु परिवार सहित शहर के विभिन्न घाटों, नदियों और तालाबों के किनारे पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। छठ के अवसर पर प्रशासन द्वारा सभी घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा और प्रकाश की विशेष व्यवस्था की गई है। घाटों पर मेले जैसा नजारा रहेगा, जहां महिलाएं पारंपरिक वस्त्रों में सजधजकर पूजा करेंगी, जबकि पुरुष सिर पर बांस की टोकरी में फल, ठेकुआ, नारियल, सुपारी और अन्य पूजन सामग्री लेकर घाटों तक पहुंचेंगे। मंगलवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही व्रती अपना 36 घंटे का निर्जला व्रत समाप्त करेंगे। इस दौरान श्रद्धालु लोकगीत गाते हुए सूर्य भगवान से परिवार की सुख-शांति और संतान की समृद्धि की कामना करेंगे।

### घाटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था



छठ महापर्व को लेकर विभिन्न जगह घाटों पर व्यवस्थाओं को पूरा कर लिया गया है। सूर्य को अर्घ्य देने के लिए शहर के एटलस मंदिर, दुर्गा कॉलोनी, गांव ककरोई के पास नहर, बड़वासनी नहर पुल के पास, कबीरपुर, बाबा कॉलोनी व कालूपुर चुंगी, राई के बीसवां मील, यमुना के गढ़ मिरकपुर घाट, बेगा घाट, मिमारपुर घाट, कुंडली में बनाए गए घाटों की सफाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। सोमवार को उपवास रखने वाले श्रद्धालु पानी में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे।



रोहतक-पानीपत हाईवे पर रुखी के पास हादसा

## कार की टक्कर से ऑटो पलटा नीचे दबने से चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

रोहतक-पानीपत हाईवे स्थित गांव रुखी के पास इको वैन ने पीछे से आटो को टक्कर मार दी। आटो हाईवे के किनारे गड्ढों में पलट गया और उसके नीचे दबने से चालक रोहतक में गांधी नगर के पंकज की मौत हो गई। वैन में सवार चालक समेत दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

रोहतक में गांधी नगर की सुनीता ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा पंकज अपनी आटो चलाता था। वह रविवार सुबह रोहतक से आटो में सामान लेकर गोहाना जा रहा था। जब वह गांव रुखी के निकट बल्हारा होटल के पास पहुंचा तो पीछे से इको ने आटो को टक्कर मार दी। आटो हाईवे किनारे गड्ढों में पलट गई। पंकज की आटो के नीचे दबने से मौत हो गई। आटो में बिजली केबल के बंडल भरे हुए थे। हादसे में इको चालक गोहाना में मुगलपुरा में रहने वाले गौरव और उसमें सवार मोर चौक के निकट रहने वाले दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए। वैन में दीपक का बेटा भी सवार था, जो बाल-बाल बच गया। दीपक व गौरव को नागरिक अस्पताल से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। पंकज के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। वह चार बहनों का इकलौता भाई था। मृतक की मां की शिकायत पर बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया।





**पुलिस ने युवक की मांग की शिकायत पर केस दर्ज किया**

मामला : झाड़ियों में मिला था नवजात

## बच्चे के माता-पिता का नहीं लगा सुराग

सोनीपत। सेक्टर-7 के पास झाड़ियों में शनिवार को मिले करीब तीन महीने के नवजात शिशु के माता-पिता का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। फिलहाल बच्चे को देखभाल के लिए राई स्थित बालग्राम में भेजा गया है। पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि पता चल सके कि बच्चा वहां कैसे पहुंचा और उसे किसने छोड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के गढ़मुक्तेश्वर निवासी मनोज सेक्टर-7 के पास चाय की दुकान चलाता है। शनिवार को जब वे दुकान पर था, तो उसे झाड़ियों की ओर से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। मनोज जब वहां पहुंचे, तो उन्होंने बच्चे को चादर में लिपटा पाया। उन्होंने तुरंत रायपुर निवासी अपने दामाद अमरजीत को सूचना दी। अमरजीत मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों को बुलाकर पुलिस को भी जानकारी दी। सूचना मिलने पर थाना सेक्टर-27 पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे की हालत फिलहाल ठीक है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन बच्चे की पहचान या उसके माता-पिता के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। मामला दर्ज करने के बाद अब मजिस्ट्रेट के आदेश पर बच्चे को राई बालग्राम में सुरक्षित रखवाया गया है। पुलिस टीम इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

खेत में मिला शव- फोन, अंगूठी और कुछ नकदी गायब मिली, केस दर्ज

## मलिकपुर में बुजुर्ग की हत्या, परने से गला घोंटा, सिर और चेहरे को ईंट मारकर कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

मुरथल थाना क्षेत्र के गांव मलिकपुर में एक बुजुर्ग की निर्मम हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रविवार सुबह बुजुर्ग का शव गांव के ही एक खेत में चारपाई पर लहूलुहान हालत में मिला। मृतक की पहचान जयफल (65) निवासी मलिकपुर के रूप में हुई है, जो गन्नौर में मिष्ठान भंडार चलाते थे। सूचना मिलते ही मुरथल थाना प्रभारी राजीव कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को मौके पर बुलाकर खून, मिट्टी और ईंट के नमूने सहित साक्ष्य जुटाए गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ **रुपये के लेनदेन में साजिश का शक, पुलिस ने शव महिला मेडिकल कॉलेज भेजा**

मृतक के भतीजे आशीष ने बताया कि शनिवार शाम को उनकी चाचा से आखिरी बार बातचीत हुई थी। उस समय वह अस्वस्थ थे। रविवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि चाचा का शव खेत में पड़ा है। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि ईंट से हमला कर और परना से गला दबाकर हत्या की गई है। सिर और चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान है। आशीष ने बताया कि उनके चाचा का मोबाइल फोन, अंगूठी और कुछ नकदी मौके से गायब है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



### परिजनों ने पड़ोसी गांव की महिला पर शक जताया

*आशीष ने शक जताया कि हत्या में पड़ोसी गांव की महिला का हाथ है। उनका आरोप है कि महिला के साथ चाचा का करीब डेढ़ लाख रुपये का लेनदेन था और इस संबंध में अदालत में मामला भी चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि इसी विवाद के चलते हत्या की साजिश रची गई। पुलिस ने कई बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है। आसपास के खेतों और रास्तों की तलाशी ली जा रही है। एफएसएल टीम द्वारा जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस जल्द ही आरोपितों की पहचान कर गिरफ्तारी की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।*

शीतला माता स्पोर्ट्स क्लब की प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

## मोई हुड्डा की बेटियों ने जीती 50 किलोग्राम भारवर्ग की राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

शीतला माता स्पोर्ट्स क्लब मोई हुड्डा द्वारा 6वीं लीग नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में लडक़ों की 45 और लड़कियों की 25 टीमों ने भाग लेकर अपना दम दिखाया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और सोनू लाठ रहे। मार्गदर्शन संरक्षक आनंद प्रसाद हुड्डा, उप संरक्षक डॉ. जगदीप हुड्डा उर्फ कालू, चेयरमैन प्रदीप खरब और प्राचार्य विनोद भाटी का रहा।
कबड्डी प्रतियोगिता में लड़कियों के लिए 50 और 45 किलोग्राम भारवर्ग जबकि लडक़ों के लिए 60 किलोग्राम भारवर्ग के मुकाबले हुए। लड़कियों के वर्ग में 50 किलोग्राम भारवर्ग का मुकाबला मोई हुड्डा की टीम ने जीत कर ट्राफी अपने नाम कर ली।



### लाठ की टीम दूसरे स्थान पर रही, सिलाना की टीम तृतीय

दूसरे स्थान पर गांव लाठ और तीसरे स्थान पर गांव सिलाना की टीम रही। लड़कियों के वर्ग में 45 किलोग्राम भारवर्ग का मुकाबला लाढौत की टीम ने जीता। दूसरे स्थान पर गांव मोई हुड्डा और तीसरे स्थान पर गांव अटायल की टीम रही। लडक़ों के वर्ग में 60 किलोग्राम भारवर्ग के मुकाबले में गांव मोई हुड्डा की टीम पहले स्थान पर रही। दूसरा स्थान गांव जौली और तीसरा स्थान गांव लाढौत की टीम ने हासिल किया। विजेताओं को सीलक हुड्डा, जसवीर दोदवा, कृष्ण हुड्डा, जगदीप हुड्डा और कोच अमित हुड्डा ने आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 3 से नागरिक अस्पताल में नहीं मिलेगा चर्म रोगियों को उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ **चर्म रोग विशेषज्ञ डा. राघवेंद्र सिंह का तबादला पानीपत तबादला**

जिला नागरिक अस्पताल में 3 नवंबर से चर्म रोगियों को उपचार नहीं मिल पाएगा, क्योंकि चर्म रोग विशेषज्ञ डा. राघवेंद्र सिंह का तबादला पानीपत जिले के समालखा स्थित उपमंडल नागरिक अस्पताल में कर दिया गया है। डा. राघवेंद्र 31 अक्तूबर तक ही सोनीपत जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं देंगे। इसके बाद चर्म रोगियों को उपचार के लिए परेशानी झेलनी पड़ सकती है। बता दें कि नागरिक अस्पताल प्रबंधन के अनुसार प्रतिदिन 250 से अधिक मरीज दाद, खुजली और अन्य त्वचा संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए ओपीडी में पहुंचते है। हाल के दिनों में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कारण चर्म रोगियों की संख्या में और इजाफा हुआ है। ऐसे में विशेषज्ञ डॉक्टर के तबादले से मरीजों को इलाज में कठिनाई आएगी। वहीं डा. राघवेंद्र सिंह इसी साल मार्च में पानीपत से स्थानांतरण होकर सोनीपत आए थे और यहां ओपीडी में नियमित रूप से सेवाएं दे रहे थे। उनसे पहले चर्म रोग विशेषज्ञ डा. राजेश सिंघल जिला अस्पताल में सेवाएं दे रहे थे। जुलाई 2024 में सरकार ने उन्हें एसएमओ पद पर पदोन्नत करते हुए सीएचसी जुआं में नियुक्त किया था। इसके बाद से वह सप्ताह में तीन दिन जिला अस्पताल में ओपीडी संभाल रहे थे। डा. राजेश सिंघल से पूर्व भी डा. राघवेंद्र 2019 तक इसी अस्पताल में कार्यरत थे, जिसके बाद उनका तबादला पानीपत हुआ था। अब एक बार फिर उनका तबादला उसी जिले के समालखा में कर दिया गया है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग ने नए चर्म रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति को लेकर कोई घोषणा नहीं की है, जिससे मरीजों को आगे उपचार के लिए निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ सकता है।

## मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने की नारेबाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बलि सेना यूनियन का धरना सोनीपत नगर निगम में 25 वें दिन भी जारी रहा। रविवार को धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की और संचालन सहसचिव युधिष्ठिर ने किया। प्रधान मुकेश टांक ने बताया कि आज धरने को पूरे 25 दिन हो गए हैं लेकिन अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों की कोई भी सुध नहीं ली। जब तक हटाए गए सफाई कर्मचारियों को काम पर वापिस नहीं लिया जाता तब तक कर्मचारियों की हड़ताल जारी रहेगी और आगे आने वाले समय में ये हड़ताल उग्र रूप धारण कर सकती हैं। इससे सोनीपत नगर निगम में जो हानि होगी उसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। धरने पर मुकेश कर्मा, रविंद्र, संदीप, कश्मीरी लाल, प्रवीण, सुनील, राहुल, रवि, विजय, तोमर आदि मौजूद रहे।



# करण की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे भुवन बाम

**मुंबई।** यूट्यूबर से अभिनेता बने भुवन बाम अब ओटीटी के बाद अब बॉलीवुड में अपने बड़े डेब्यू को तैयार हैं। पिछले कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि भुवन बाम करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। अब खुद भुवन बाम ने ये कंफर्म कर दिया है और अपने इस बिग डेब्यू पर खुशी भी जताई है। भुवन ने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया है। भुवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धर्मा के साथ साइन किए गए आर्टिस्ट एग्रीमेंट की एक तस्वीर शेयर की और अपने सपने के सच होने पर अपनी खुशी जाहिर की। अपने कैप्शन में उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने का आग्रह किया।

## लाइफ Style

# उर्वशी



## जागेश्वर धाम मंदिर में रुद्राभिषेक कर लिया आशीर्वाद

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला नैनीताल और अल्मोड़ा में अपने होमस्टेट का आनंद लेती दिखीं। उन्होंने नैनी झील में बोटिंग की, पहाड़ी व्यंजन चखे और जागेश्वर धाम, गोल्ज्यू मंदिर व कैंची धाम आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फैंस ने उनके साथ सेल्फी और ऑटोग्राफ भी लिए. उर्वशी ने अपनी आने वाली फिल्मों और साउथ प्रोजेक्ट्स की अपडेट भी साझा की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

31 साल की बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों उत्तराखंड की खूबसूरती का आनंद ले रही हैं। रविवार को उर्वशी ने न सिर्फ नैनी झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया, बल्कि पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन का स्वाद भी चखा। इससे पहले उर्वशी अल्मोड़ा के प्रसिद्ध जागेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया। उर्वशी रौतेला अल्मोड़ा के चितई गोल्ज्यू मंदिर और कैंची धाम आश्रम भी गईं। यहां उर्वशी ने नीम करौरी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान उर्वशी ने नैनीझील में वोटिंग का लुफ्त उठाया। उर्वशी को देखने के लिए नैनीझील पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने उर्वशी रौतेला के साथ फोटो भी खींचवाई. इतना ही नहीं, उर्वशी के फैंस उनका ऑटोग्राफ भी लिया। उर्वशी ने अपने फैंस से बातचीत की और बच्चों के साथ समय बिताया, जिससे माहौल और भी उत्साही बन गया। बता दें, उर्वशी का पहाड़ों से हमेशा लगाव रहा है इस लिए वो आकर यहां आती रहती है। उन्होंने कहा कि नैनीताल का शांत वातावरण और मौसम उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने इसे अपना 'नौनिहाल' बताते हुए बचपन की यादों से जोड़कर अपनी भावनाएं साझा कीं।

## हॉलीवुड मसाला



# शादी के बाद रिलीज किया पहला गाना

**लॉस एंजिल्स।** गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने एक बार फिर अपने फैंस के लिए एक नया वीडियो पेश किया है। गोमेज ने शादी के बाद इस हफ्ते की शुरुआत में 'इन द डार्क' नाम के नए गाने को रिलीज किया है। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया है। यह गाना 'नोबडी वांट्स दिस सीजन 2: द साउंडट्रैक' का हिस्सा है, जिसमें क्रिस स्टेपलटन, केसी मुसग्रेव्स और फिननेस जैसे कलाकार भी शामिल हैं। ल्यूक ऑरलैंडो द्वारा निर्देशित इस वीडियो में, गोमेज पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने हुए बड़ी, खुली जगहों से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं।



# भारत में चौथी बार कॉन्सर्ट करने आ रहे रैपर पिटबुल

**लॉस एंजिल्स।** अंतरराष्ट्रीय रैपर और सिंगर पिटबुल दिसंबर महीने में एक बार फिर भारतीय दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करने आ रहे हैं। 'मिस्टर वर्ल्डवाइड' के नाम से मशहूर पिटबुल अपने नए टूर 'आई एम बैक' के तहत भारत के दो बड़े शहरों- गुरुग्राम और हैदराबाद में परफॉर्म करेंगे। इस म्यूजिकल टूर की शुरुआत 6 दिसंबर को गुरुग्राम के हुडा ग्राउंड से होगी, जिसके बाद 8 दिसंबर को पिटबुल हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में परफॉर्म करेंगे। पिटबुल का असली नाम आर्मांडो क्रिश्चियन पेरेज है। दुनिया भर में वह अपने हिट गानों 'टिंबर', 'होटल रूम सर्विस' और 'नो लो ट्राटेस' के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने भारत में इससे पहले 2011, 2017 और 2019 में परफॉर्म किया था और हर बार उनके कॉन्सर्ट्स में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था।



# पिंजर की रिलीज को पूरे हुए 22 साल

**नई दिल्ली।** उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी की साल 2003 में फिल्म पिंजर आई थी। रविवार को इस फिल्म की रिलीज को 22 साल पूरे हो चुके हैं। पिंजर बॉलीवुड की बेहतरीन और क्लासिक कल्ट फिल्मों में शामिल है। इसमें उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी ने अपने शानदार अभिनय से खूब वाहवाही लूटी थी। पिंजर को क्रिटिक्स ने खूब सराहा था। इसे काफी पसंद किया गया था। इसका निर्देशन चाणक्य जैसा कालजयी सीरियल बनाने वाले डायरेक्टर चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने किया था। फिल्म 1947 में भारत-पाकिस्तान के बंटवारे पर आधारित थी। 22 साल पहले आई इस फिल्म में कलाकारों के अभिनय को काफी सराहा गया था. अगले साल इसने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी जीता था। लेकिन, बॉक्स-ऑफिस पर ये मूवी औंधे मुंह गिरी थी।



# ये रोमांटिक गीत दिल को पहुंचाता है सुकून

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर हेमलता के गानों के करोड़ों लोग फैन हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन और यागदार गानों की सौगात दी है। 1978 में आए इस गाने को सिंगर हेमलता ने अपनी आवाज से सजाया था और रविंद्र जैन ने लिखा और इसे कंपोज किया था। यह गाना सचिन पिलगांवकर और रंजीता कौर पर फिल्माया गया था। गाने को उस वक्त जितना पसंद किया गया था यह आज भी उतना ही लोगों के दिलों पर राज करता है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है अंखियों के झरोखों से। जी हां अंखियों के झरोखों से एक ऐसा गाना है जिसे आज की जनरेशन भी उतना ही पसंद करती है। इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 228 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सॉन्ग आज भी कितना पॉपुलर है।

## टीवी मसाला



# सतीश को साराभाई वर्सेस साराभाई की टीम ने दी अंतिम विदाई...

**नई दिल्ली।** 25 अक्टूबर को सीनियर एक्टर सतीश शाह ने इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके निधन की वजह किडनी फेलियर बताई गई। 26 अक्तूबर को उनका अंतिम संस्कार किया गया और उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर उनके पॉपुलर शो 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की लीड कास्ट भी उन्हें श्रद्धांजलि देने साथ आई और उन्हें आखिरी सैल्यूट देते हुए अपने शो का टाइटल ट्रैक 'साराभाई वर्सेज साराभाई' गाया। इस गाने को गाते हुए रुपाली गांगुली बुरी तरह इमोशनल दिखीं और गाना खत्म होने के बाद तो वो खुद को संभाल ही नहीं पाईं। वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखें नम थीं। राजेश कुमार भी खुद को संभालने के हालात में नहीं थे। सतीश शाह के निधन के बाद जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे कि उन्होंने अपने पिता को खो दिया है। अनुपम खेर ने भी एक वीडियो शेयर कर सतीश के प्रति अपना प्यार और उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। अनुपम खेर ने बताया कि सतीश सेट पर हमेशा सभी को हंसाया करते थे और जनरल नॉलेज के मामले में तो कोई उनका सानी नहीं था। वह हर एक सवाल पर जवाब देते थे. शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब वो जवाब देने में नाकाम रहे हों। सतीश के दोस्त सचिन पिलगांवकर ने बताया कि उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट केवल इसलिए करावाया था, क्योंकि वे अपनी जिंदगी बढ़ाना चाहते थे ताकि पत्नी मधु शाह की देखभाल कर सकें। क्योंकि, उनकी पत्नी अल्जाइमर से जूझ रही हैं।

## मृदुल की हरकत पर आगबबूला हुए सलमान

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते शनिवार-रविवार को बिग बॉस 19 में वीकएंड का वार होता है, जिसमें शो के होस्ट सलमान खान आते हैं और प्रतियोगियों की हफ्ते भर की रिपोर्ट पेश करते हैं। शनिवार को अभिनेता ने कंटेस्टेंट को जमकर फटकार लगाई, जिसमें एक्टर सबसे ज्यादा मृदुल तिवारी पर भड़के। इसके अलावा सलमान ने मृदुल की हरकतों पर कहा कि बिग बॉस के घर में किसी की जान जा सकती थी। सलमान खान ने वीकएंड का वार में मृदुल तिवारी से कहा, 'आपने जो किया वो मजाक नहीं था। आपने पहले खुद अशनूर को छेड़ा, कि वो आपको पूल में डाले। फिर आप माइक निकालकर खुद तैयार हो गए। जब अशनूर ने ये किया तो आपने बदला लेना चाहा। मैं आपके बचकाने गेम्स के बारे में बीच में नहीं बोलता। लेकिन, आपके गेम्स की वजह से ना ही सिर्फ माइक्स खराब हुए, बल्कि आपने अशनूर पर तब पानी डाला जब उनके हाथ में एक हेयर ड्रायर था।' सलमान खान ने आगे कहा, 'आपको पता नहीं है कि हेयर ड्रायर में पानी चला जाता, तो क्या हो सकता था।'



# कांतारा-2 बनी साल की सबसे कमाऊ फिल्म, 'छावा' का रिकॉर्ड तोड़ा

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज कर ली है। यह इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों में नंबर वन की कुर्सी पर काबिज हो चुकी है। विक्की कौशल अभिनीत 'छावा' को धकेलकर 'कांतारा 2' ने यह स्थान कब्जाया है। अब तक 'छावा' इस साल की नंबर वन फिल्म थी। मगर, अब 'कांतारा चैप्टर 1' ने यह जगह छीन ली है।

***25 दिनों में किया करिश्मा :*** 'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के मामले में यह फिल्म पहले नंबर पर आ गई है। प्राप्त आंकड़ों में इसने अब तक 867 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया है। फिल्म ने यह कारनामा अपनी रिलीज के 25 दिन के भीतर कर दिखाया है।

***टॉप 10 की लिस्ट में चार हिंदी फिल्में शामिल :*** इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 10 भारतीय फिल्मों में अब 'छावा' दूसरे नंबर पर हो गई है। वहीं, इस साल युवाओं के बीच लोकप्रियता बटोरने वाली 'सैयारा' 579.23 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर है। टॉप 10 की लिस्ट में सिर्फ चार हिंदी फिल्मों ने उपस्थिति दर्ज की है। इनमें- छावा, सैयारा, वॉर और सितारे जमीन पर का नाम शामिल है।



**भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम:** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी 'कांतारा चैप्टर 1' धुआं उड़ा रही है। यह फिल्म 600 करोड़ क्लब में एंट्री लेने वाली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक भारत में इसने 583.92 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है। यह फिल्म साल 2022 में आई ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' का ही प्रीक्वल है।

# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉड्र्स में रैपर बैड का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉड्र्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉड्र्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं।

***बैड बनी को मिले कौन-कौन से अवॉड्र्स?*** : दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो' जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉड्र्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है। केवल बैड बनी ही नहीं, बल्कि लैटिन म्यूजिक के दूसरे सितारे भी इस रात अपनी चमक बिखेरते नजर आए। राउ एलेजांद्रो को कई अहम श्रेणियों में फाइनलिस्ट घोषित किया गया, जिनमें आर्टिस्ट ऑफ द ईयर और टूर ऑफ द ईयर जैसी कैटेगरी शामिल थीं। वहीं, करोल जी ने भी अपने लोकप्रिय गीत 'सी आंतेस ते उबिएरा कोनोसीदो' के लिए पांच नामांकन हासिल किए और छह अवॉड्र्स जीतकर महिलाओं के वर्ग में इतिहास रच दिया।



## बैड ने जीत के बाद क्या कहा?

इस अवॉर्ड नाइट की खास बात यह रही कि लैटिन म्यूजिक ने न सिर्फ अपनी परंपरा बल्कि आधुनिकता का भी संगम पेश किया। मंच पर जब बैड बनी ने अपनी जीत का आभार व्यक्त किया, तो उन्होंने कहा, 'ये अवॉड्र्स सिर्फ मेरे नहीं हैं, ये उन सभी कलाकारों के हैं जो लैटिन संगीत को विश्व मंच पर ले जा रहे हैं।' वहीं इस दौरान करोल जी ने भी मंच से कहा कि लैटिन महिलाओं के लिए यह दौर नया इतिहास लिखने का है- जहां आवाजें सीमाओं से परे जा रही हैं।

## प्रमुख श्रेणियों के विजेताओं की सूची

| अवॉर्ड श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (न्यू) | नेटन वेगा |
| टूर ऑफ द ईयर | शकिरा |
| क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बेनी ब्लांको |
| ग्लोबल 200 लैटिन आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| ग्लोबल 200 लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | कारोल जी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (पुरुष) | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (महिला) | कारोल जी |

## शकिरा को 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड

शकिरा, जिनकी टूरिंग स्टाइल और मंच पर उपस्थिति आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, उन्हें इस दौरान 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला। वहीं बेनी ब्लांको को क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर का सम्मान मिला, जिन्होंने लैटिन और मुख्यधारा संगीत को आपस में जोड़ने में काफी अहम भूमिका निभाई है।

## लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक भोजपुरी इंडस्ट्री में भी छाई हुई है पूरी तरह

# साड़ी पहन अक्षरा ने किया नहाय खाय, पवन ने जोड़े हाथ

*मुंबई। भक्ति, आस्था और लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक इस बार भोजपुरी इंडस्ट्री में भी पूरी तरह छाई हुई है। जैसे ही घाटों पर छठी मैया के गीत गूंजे, वैसे ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी सितारों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होने लगे। पवन सिंह, अक्षरा सिंह, आम्रपाली दुबे, दिनेश लाल यादव निरहुआ और काजल राघवानी जैसे कलाकार इस बार भी अपने-अपने अंदाज में भक्ति की छटा बिखेरते दिखे।*

### गानों से बढ़ाई श्रद्धा की मिठास

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह हर साल की तरह इस बार भी छठ महापर्व पर अपने नए गीतों के साथ हाजिर हुए। उन्होंने दो गाने रिलीज किए- 'घाट चले मोदी-नीतीश' और 'कौन कलमवां से लिखलवा करमवां'। गाने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गए। पवन सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'जय छठी मइया, सब पर कृपा बनाकर रखना।' उनके गीतों की लोकप्रियता इतनी है कि हर घाट पर अब उनके सुर गूंज रहे हैं। भक्ति और लोकधुन का यह संगम उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

### साझा किया नहाय खाय का वीडियो

भोजपुरी की लोकप्रिय अदाकारा अक्षरा सिंह ने एक बार फिर अपनी सादगी और श्रद्धा से लोगों का दिल जीत लिया। इस बार वह छठ पूजा में पारंपरिक साड़ी, मांग में सिंदूर और माथे पर बिंदी लगाए दुल्हन की तरह सजीं। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए लिखा- नहाय-खाय छठ पूजा की आध्यात्मिक यात्रा की पहली सीढ़ी है। इस दिन व्रती मां छठी और सूर्य देव से आशीर्वाद मांगती हैं कि आने वाले चार दिनों तक वे नियम, भक्ति और शुद्धता बनाए रखें। यह आस्था का वह क्षण है जहाँ हर व्रती अपने जीवन की नकारात्मकता को पीछे छोड़, नवऊर्जा के साथ नई शुरुआत करती है।



### आम्रपाली और निरहुआ का इमोशनल वीडियो

इस बार छठ पर्व पर रिलीज हुआ आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ का म्यूजिक वीडियो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो में आम्रपाली एक गर्भवती महिला की भूमिका में नजर आती हैं, जो अपने बच्चे की सलामती के लिए छठी मैया से प्रार्थना करती है। गाने की कहानी, भावनाएं और लोकधुन दर्शकों को रुला देने वाली है। यही वजह है कि लोग इसे 'साल का सबसे भावनात्मक छठ गीत' कह रहे हैं।

### काजल राघवानी ने बताया छठ का अर्थ

भोजपुरी इंडस्ट्री की एक और चर्चित एक्ट्रेस काजल राघवानी ने इस बार अपने सोशल मीडिया वीडियो में छठ के महत्व को बड़ी खूबसूरती से समझाया। उन्होंने कहा कि, "छठ मेरे लिए सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक रिश्ता है जो मुझे मेरी मिट्टी, मेरे बचपन और मेरी मां से जोड़ता है।" उनके इस वीडियो को फैंस ने दिल से अपनाया और खूब शेयर किया।

### भोजपुरी इंडस्ट्री में छठ का उत्सव

हर साल की तरह इस बार भी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री छठ की भक्ति में रंगी हुई नजर आई। सितारों ने अपने-अपने अंदाज में छठी मइया के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कहीं घाटों पर लोकगीत गूंजे तो कहीं सोशल मीडिया पर गीतों और तस्वीरों का मेला लगा। भोजपुरी कलाकारों का यह जोश और भक्ति भाव बताता है कि ये त्योहार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कृति का उत्सव है।

## खबर संक्षेप

### सामाजिक संस्थाओं और सेवकों को किया सम्मानित

**खरखौदा।** मानवता और सेवा की मिसाल ठाकुर जी की रसोई संस्था ने अपने सेवा के चार वर्ष पूरे होने तथा अमित सिंगला के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक पवन खरखौदा के पिता आजाद भौरिया ने दीप प्रज्वलित करके किया। ठाकुर जी की रसोई के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते कहा कि समाज में ऐसे संगठन प्रेरणा का स्त्रोत हैं, जो निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर खरखौदा व आसपास की सभी सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और ठाकुर जी की रसोई के सेवकों को सम्मानित किया गया।

### बैठक में जल्द संस्था बनाने का लिया निर्णय

**सोनीपत।** महाशय टेकचंद मैमोरियल सोनीपत में रविवार को धानक समाज की एक मीटिंग रमेश रंगीला के नेतृत्व में हुई। मीटिंग में समाज के मौजिज व्यक्ति उपस्थित हुए। जिसमें सूरजभान मेहरा, रामनिवास नगर एडवोकेट, रामचंद्र, राम प्रकाश, रमेश डाबला, धर्मवीर, आजाद सिंह मूंदड़िया, हरीश, मंगतराम कुंडिया, रामकृष्ण नागर, जगदीश चोपड़ा, जगदीश, रमेश सुरलिया, जोगिंदर खन्ना, रामेश्वर आदि मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि अगली बैठक 16 नवंबर को होगी, जिसमें संस्था का नाम रखा जाएगा और पदाधिकारी बनाएं जाएंगें। यह संस्था सामाजिक कार्य करेगी जोभी अच्छे काम होंगे उसमें यह संस्था बढ़-चढ़कर आगे काम करेगी।

### श्रीराम ने अपराधों के लिए बाली को किया था दंडित

**सोनीपत।** श्री राम परिवार, द्वारा श्री सुन्दरकाण्ड जी का पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं श्री रामकथा का कार्यक्रम श्री नीलकंठ महादेव मंदिर, सैक्टर 12, सोनीपत में रखा गया। संस्था के प्रमुख ओमप्रकाश ने बताया कि श्रीरामचरितमानस में बाली ने श्रीराम से छुपकर मारने के कारण पर सवाल उठाया। श्रीराम ने उत्तर दिया कि उसने बाली को उसके अपराधों के लिए दंडित किया, जिनमें सबसे बड़ा अपराध अपने भाई सुग्रीव की पत्नी को बलपूर्वक ले जाना था। श्रीराम ने यह भी बताया कि छोटे भाई की पत्नी बहन और कन्याओं की ओर बुरी नजर डालने वाले को मारने में कोई पाप नहीं लगता क्योंकि यह सभी रिश्ते एक समान है।

# ज्यादा टोल बूथ बने सिरदर्द, सोनीपत का नाम "टोल सिटी" रखने की मांग

## मानव अधिकार संरक्षण संघ ने लगातार बढ़ते टोल बूथों का किया विरोध


सोनीपत। टोल बूथों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो :हरिभूमि

**जिले में लगभग आठ टोल बूथ स्थापित किए जा चुके**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मानव अधिकार संरक्षण संघ ने सोनीपत जिले में लगातार बढ़ते टोल बूथों का विरोध किया है। संघ के अध्यक्ष जयवीर गहलावत ने कहा कि जिले में लगभग 8 टोल बूथ स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे आम जनता, व्यापारी, और किसानों सभी वर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि अब तो सोनीपत का नाम बदलकर 'टोल सिटी' रख देना चाहिए, क्योंकि शहर की हर दिशा में टोल वसूली हो रही है। संघ के राष्ट्रीय चेयरमैन संजय सिंगला ने कहा कि टोल व्यवस्था के कारण हर वर्ग पर आर्थिक बोझ बढ़ा है और लोगों के दैनिक आवागमन पर भी प्रभाव पड़ा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि या तो इन टोल बूथों को बंद किया जाए या स्थानीय नागरिकों को मुहाना, रोहट, भिगान टोल फ्री किया जाए। इसके साथ ही एक्सप्रेस वे पर टोल पास लागू न होने पर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाया, क्या ये एक्सप्रेस वे भारत सरकार या हरियाणा के नियंत्रण से बाहर हैं।

**विश्व मानव अधिकार दिवस मनाने का निर्णय**

मानव अधिकार सरंक्षण संघ की एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन आज किया गया, जिसकी अध्यक्षता संघ के वरिष्ठ सदस्य संजय सिंगला ने की। सभा में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि आगामी 10 दिसंबर को विश्व मानव अधिकार दिवस बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिलेभर में विभिन्न सामाजिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर मानव अधिकार सरंक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत, ताराचंद राणा, धर्मप्रकाश हुड्डा, श्री भगवान गुप्ता, दिलबाग मोरवाल, सोमबीर आर्य, अमन, बिजेंद्र पहलवान, सतपाल तेवड़ी एवं अन्य उपस्थित रहे।

**ये रहे मौजूद**

इस विरोध प्रदर्शन में ताराचंद राणा, धर्मप्रकाश हुड्डा, दिलबाग मोरवाल, सोमबीर आर्य, अमन, बिजेंद्र पहलवान एवं अन्य उपस्थित रहे।


सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो :हरिभूमि

# पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि का न्योता दिया

**असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस ने कार्यकर्ता सभा आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) सोनीपत की ओर से एक कार्यकर्ता सभा का आयोजन कांग्रेस भवन में किया गया। सभा की अध्यक्षता ओम कुमार जांबाज प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया और सभा का संचालन यशवंत राव चौहान जिला अध्यक्ष (असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस) ने किया। सभा को संबोधित करते हुए ओम कुमार जांबाज प्रदेश उपाध्यक्ष, यशवंत राव चौहान जिला अध्यक्ष दोनों पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज को बगैर नोटिस दिए उनके आवास से उनका सामान बाहर निकाल कर फेंक दिया गया। जोकि एक सोची समझी साजिश के तहत षड्यंत्र के तहत हुआ है और भेदभाव के तहत हुआ है। क्योंकि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज ने अभी पिछले दिनों आईपीएस वाई पूर्ण द्वारा आत्महत्या करने पर विवश हुए को लेकर भाजपा पर निशाना साधा था। जिस वजह से वर्तमान सरकार ने बौखला कर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित राज का सामान बाहर फेंक दिया गया। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को आने वाली 31 अक्टूबर को स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के लिए न्योता भी दिया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर पवन कुमार शर्मा महासचिव, वेदपाल सम्भरवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सरदार जसविंदर सिंह उपाध्यक्ष, सलीम खान जिला उपाध्यक्ष, रिंकू सोलंकी उपाध्यक्ष, सुनील टांक हल्का राई अध्यक्ष, महावीर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष सेवादल, गोविंद राम जिला उपाध्यक्ष, बलबीर सिंह चौहान, रेखा राना महिला जिला अध्यक्ष, रेखा सोलंकी ब्लॉक सोनीपत अध्यक्ष, गीता मलिक सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

## बुच्चेश्वर मंदिर में भागवत कथा का आयोजन

# ईश्वर के बालरूप में भी अपार शक्ति प्रेम और करुणा विद्यमान: बिरधाना

## गोकुल में भगवान शिव बालरूप में पहुंचे तो कृष्ण ने किया आलिंगन

**गोकुल में सदैव शांति और आनंद बना रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

बुच्चेश्वर मंदिर खरखौदा में भागवत कथा के दौरान डॉ विष्णु दत्त बिरधाना ने बताया कि गोकुल में श्रीकृष्ण जब बालरूप में लीलाएँ कर रहे थे, तब भगवान शिवजी भी उनके दर्शन की इच्छा से पहुंचे। मां यशोदा ने उन्हें पहचान नहीं पाया और द्वार पर रोक दिया। विश्वनाथ शिव ने सोचा जहाँ स्वयं भगवान बालक हैं, वहां मुझे भी बालक बनना होगा। उन्होंने भस्म से लिप्त, गले में सर्प धारण कर बालरूप धारण किया और नन्द बाबा के आँगन में पहुँचे।

बालक कृष्ण उन्हें देखते ही प्रसन्न होकर दौड़ते हुए उनके गले लग गए। तब यशोदा जी को ज्ञात हुआ कि यह स्वयं महादेव हैं। उन्होंने उनकी पूजा की और शिवजी ने आशीर्वाद दिया। गोकुल में सदैव शांति और आनंद बना रहे। इस प्रसंग से यह संदेश मिलता है कि स्वयं शिव भी कृष्ण भक्ति में लीन हैं, और ईश्वर के बालरूप में भी अपार शक्ति, प्रेम और करुणा विद्यमान है। संयोजक पवन शर्मा पहरावर ने कहा कि बुधवार को भागवत कथा का समापन यज्ञ और भंडारे के साथ किया जाएगा।


खरखौदा। भागवत कथा में वाचक व उपस्थित श्रोता। फोटो :हरिभूमि

**बुधवार को समापन**

इस प्रसंग से यह संदेश मिलता है कि स्वयं शिव भी कृष्ण भक्ति में लीन हैं, और ईश्वर के बालरूप में भी अपार शक्ति, प्रेम और करुणा विद्यमान है। संयोजक पवन शर्मा पहरावर ने कहा कि बुधवार को भागवत कथा का समापन यज्ञ और भंडारे के साथ किया जाएगा।


सोनीपत। कथा वाचक अतुल कृष्ण भगवान की महिमा का गुणगान करते।


सोनीपत। लोगों को भोजन वितरित करते क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

**आलू पूरी व हलवा वितरित**

**सोनीपत।** रोटरी क्लब सोनीपत आर्डेंट द्वारा अपने मासिक प्रमुख प्रोजेक्ट आहार के तहत लोगों को आलू-पूरी व हलवा वितरित किया गया। यह सेवा कार्यक्रम गुरुद्वारा, ओल्ड डीसी रोड, सोनीपत के बाहर आयोजित किया गया। क्लब के सदस्यों ने राहगीरों एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया। कार्यक्रम का संचालन क्लब के अगले वर्ष के प्रधान प्रमोद मोना भूटानी और क्लब के सदस्य कुलविंद्र कमलजीत ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष पुनीत जग्गा, विपुल कुच्छल, रिम्पी कुच्छल, संदीप आहुजा, अतुल खट्टर, विक्रम, साक्षी, संजय अंतिल, राजेश मक्कड़, अभिषेक गुप्ता, विजय, पूजा आदि मौजूद रहे।

**लाभ पंचमी पर श्रीमद्भागवत कथा**

**सोनीपत।** नरेंद्र नगर स्थित शिव मंदिर में लाभ पंचमी के दिन रविवार को श्रीमदभागवत कथा का आरम्भ हुआ। कथा से पूर्व पूजा, नगर भ्रमण भी हुआ। कथा का यजमान मोर परिवार रहा। मंदिर कमेटी के डॉ. मनमोहन मिश्रा ने बताया कि यजमान अजमेर मोर ने भागवत कथा मंदिर में श्री खाटू श्याम की मूर्ति स्थापना से पूर्व प्रारम्भ करवाई है, मूर्ति स्थापना कार्तिक शुक्लपक्ष एकादशी को होगी। मूर्ति को खाटू सरोवर में स्नान करवा कर और खाटू मंदिर रिंगस से लेप करवा कर लाये हैं। इस दौरान कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्ववाज बृजवासी ने भगवान की महिमा का गुणगान किया।

# सीएम के ओएसडी ने बलिदान दिवस समारोह में पहुंचने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

अमर बलिदानी कुशाल सिंह दहिया के बलिदान दिवस के उपलक्ष में निकाली जा रही बलिदान स्मृति यात्रा रविवार को सिसाना पहुंची। जहां दहिया खाप के चबूतरे पर मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र दहिया ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि शीश का दान करने वाले दादा कुशाल सिंह दहिया का 350 वां बलिदान दिवस 14 नवंबर को राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में मनाया जाएगा। प्रदेश स्तरीय समारोह में समाज के सभी वर्गों के व्यक्ति पहुंच कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। कहा कि दादा कुशाल सिंह दहिया ने 17वीं शताब्दी में गुरु तेग बहादुर के शीश की रक्षा करते बलिदान दिया था।


खरखौदा। वीरेंद्र बड़खालसा को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित करते गणमान्य व्यक्ति।

**ये रहे मौजूद**

उन्होंने कहा कि बलिदान की ऐसी गाथाओं से समाज विशेषकर युवा वर्ग को अवगत कराने की महत्ती जरूरत है। इस मौके पर दहिया खाप प्रधान सुरेंद्र बाणिया, समाजसेवी डॉ अनिल दहिया, आर्य प्रतिनिधि सभा के पूर्व प्रधान मा रामपाल दहिया, धर्मबीर सिंह, पूर्व एसपी अनूप सिंह, राजेंद्र दहिया, सुभाष उर्फ बल्लू ठेकेदार, विक्की नंबरदार, मनबीर, अक्षित दहिया, सरपंच जग्गी नंबरदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इसके बाद विरेन्द्र दहिया ने खरखौदा की सैनी चौपाल में एक सभा में शिरकत की। नगरपालिका चेयरमैन, पालिका पार्षदों व समाज के विभिन्न वर्गों के व्यक्तियों ने उन्हें सम्मानित किया।


गोहाना। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते विधायक इंदुराज नरवाल व अन्य।

**40 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया**

**गोहाना।** शहीद भगत सिंह युवा क्लब आहुलाना द्वारा रविवार को शहर में महम मार्ग स्थित गुढ़ा चुंगी पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 40 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। शिविर के मुख्य अतिथि बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल उर्फ भालू थे। विधायक ने कहा कि रक्तदान एक बड़ी समाजसेवा है। रक्तदान करके हम किसी भी व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। हर व्यक्ति को रक्तदान की सेवा को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। शिविर के विशिष्ट अतिथि प्रदीप मलिक रहे। अध्यक्षता डॉ. जगजीत सिंह मलिक ने की। संयोजन नवीन मलिक का रहा जिन्होंने अपने छोटे भाई रवि के साथ रक्तदान किया। रक्तदान शिविर वातानुकूलित बस में आयोजित हुआ जिसमें पीजीआई रोहतक से डॉ. सुजाता की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंची। आयोजन समिति में डॉ. सुमित, लोकेश, कर्मपाल, सक्षम और शौर्य शामिल रहे। आयोजन में आर्यन, रवि, राहुल, दीपक, दिनेश और आयुष ने अपनी सेवाएं दी।

# संगठन ने पौधरोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नीम, पिलखन, चक्रेसिया व पापड़ी के 16 पौधे रोपे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

समाज कल्याण संगठन ने गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के अपने साप्ताहिक अभियान में रविवार को नीम, पिलखन, चक्रेसिया और पापड़ी के 16 पौधे रोपे। पौधारोपण महम मार्ग के साथ फुटपाथ की खाली जगह में किया गया। संगठन ने गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के लिए गोद ले रखा है और पिछले करीब डेढ़ दशक से साप्ताहिक पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है।


गोहाना। पुराने पौधों के ट्री गार्डों को व्यवस्थित करते संगठन के सदस्य।

**इन्होंने श्रमदान किया**

अभियान के तहत सप्ताह के प्रत्येक रविवार को शहर में सार्वजनिक स्थलों, सरकारी कार्यालयों के परिसर और सड़कों के साथ फुटपाथ की खाली जगह में पौधारोपण किया जाता है। इसी क्रम में संगठन की टीम द्वारा महम मार्ग के साथ फुटपाथ की खाली जगह में पौधारोपण किया गया। अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा ने की। उन्होंने कहा कि सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। पौधों को सर्दी से बचाने के लिए उनकी नियमित सिंचाई शुरू की जाएगी। संगठन की टीम ने नए पौधे रोपने के साथ पुराने पौधों की निराई-गुड़ाई की और ट्री गार्डों को व्यवस्थित किया। पौधारोपण में बलजीत जांगड़ा, पवन, अजय, प्रवीण, संदीप, मनोज, अनिल चौहान, अभिमन्यु शर्मा, जगदीश और मुकेश ने श्रमदान किया।

**प्रतियोगिता** | खेवड़ा में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का एसीपी ने किया शुभारंभ

# युवाओं को नशे से दूर रहने का दिया संदेश खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान

कबड्डी और खो-खो के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

खेवड़ा गांव में रविवार को ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) मुरथल निधि नैन ने किया। प्रतियोगिता में कबड्डी और खो-खो के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एसीपी निधि नैन ने खिलाड़ियों व ग्रामीणों को संबोधित करते कहा कि खेल युवाओं को अनुशासित और स्वस्थ बनाते है। युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया और कहा कि नशा समाज और परिवार दोनों को कमजोर करता है। उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के बारे में भी जागरूक किया।


सोनीपत। खिलाड़ियों को जागरूक करते एसीपी। फोटो :हरिभूमि

**जिम्मेदारी निभाने की अपील**

बताया कि यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड की घटना होती है, तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। एसीपी ने ग्रामीणों से स्वच्छता अभियान में सहयोग की अपील करते कहा कि स्वच्छ और सुंदर गांव ही स्वस्थ समाज की पहचान है। उन्होंने युवाओं से खेलों के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की भी अपील की। कार्यक्रम में गांव के बच्चों, खिलाड़ियों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर पुलिस विभाग के अधिकारी, खेल प्रशिक्षक और ग्रामीण प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बताया कि आमजन के सहयोग से जिला प्रशासन जिले को सुरक्षित, स्वच्छ और नशा मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



सोनीपत। ट्रस्ट स्थापना के मौके पर स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज साथ में अन्य।

### सुदेश चेयरपर्सन, पवन को अध्यक्ष बनाया

**सोनीपत।** सोनीपत में फीनी देवी सूरज भान चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना हुई है, जिसका उद्घाटन स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने किया। इस अवसर पर ट्रस्ट की कार्यकारणी की घोषणा की गई, जिसमें सुदेश गर्ग को चेयरपर्सन, पवन गर्ग को अध्यक्ष, नरेंद्र पाल शर्मा को महासचिव एवं सुभाष गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा डॉ. मनमोहन मिश्रा को संयुक्त सचिव, रेखा गर्ग को प्रवक्ता, महावीर प्रसाद गर्ग को मार्गदर्शक, डॉ. जितेंद्र अग्रवाल को उपाध्यक्ष, संजय शर्मा को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। वहीं ट्रस्टी के तौर पर सुरेन्द्र गुप्ता, राजेश चौधरी, राजेंद्र कुछल, सुनील बाल्याण, राधेश्याम, कृष्ण गौड़, मुकेश तुषीर को नामित किया गया। सचिव नरेंद्र पाल शर्मा ने ट्रस्ट के प्रकल्पों पर प्रकाश डाला और बताया कि ट्रस्ट का मुख्य उद्धेश्य शिक्षा, बाल महिला कल्याण, वरिष्ठ नागरिक सम्मान, आध्यात्मिक और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में कार्य करना है। कार्यक्रम में ट्रस्ट को महामंडलेश्वर प. सीता राम और महंत विक्रम का भी आशीर्वाद मिला।

### मामले में कार्रवाई न होने पर डीसीपी को शिकायत

**गन्नौर।** गांधी नगर में एक व्यक्ति को उसके ही कमरे में जिंदा जलाने का प्रयास करने के मामले में पीड़ति पक्ष ने कार्रवाई न होने का आरोप लगाते डीसीपी को शिकायत सौंपी है। शिकायतकर्ता गांधी नगर निवासी राजेंद्र पहल का कहना है कि गन्नौर पुलिस की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। मामले में दर्ज एफआईआर में आरोपित का नाम स्पष्ट रूप से दर्ज है। अपने छोटे भाई हवासिंह पर आग लगाने का शक जताया, लेकिन पुलिस ने उसे अभी तक गिरफ्तार नहीं किया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपित पक्ष लगातार गवाहों को डराने और साक्ष्य मिटाने की कोशिश कर रहा है। वहीं पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी अपने कब्जे में नहीं लिए। जिससे जांच की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। शिकायतकर्ता ने डीसीपी से निष्पक्ष जांच और आरोपित की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

# विकसित भारत के लिए स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करें नागरिक

**प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम से देशवासियों को मिल रही दिशा और ऊर्जा : डॉ. अरविंद शर्मा**

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा के साथ कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक, विधायक देवेंद्र कादियान सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प में स्वदेशी अभियान व आत्मनिर्भरता मूल मंत्र साबित होगी। आज प्रत्येक भारतीय का दायित्व है कि वो बाजार में स्वदेशी उत्पादों खरीदे और अपनी दिनचर्या में शामिल करते हुए समृद्ध भारत के सपने को साकार करने में अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजन समाज को दिशा दिखाते हैं, ऐसे में उन्हें स्वदेशी अनुकूल विचारों को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। रविवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा गन्नौर के वार्ड 11 स्तिथ बूथ संख्या 92 पर शिव मंदिर पहुंचे तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 127वें संस्करण को भाजपा पदाधिकारियों व आमजन के साथ सुनने पहुंचे थे। इसके उपरांत उन्होंने प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की प्रदेश सरकार 11 सालों से आम आदमी का भरोसा भारतीय जनता पार्टी व सरकार पर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में दुनिया में 11वीं अर्थव्यवस्था भारत आज दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। वह दिन दूर नहीं जब भारत पहले स्थान की अर्थव्यवस्था बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यवस्था को आमजन के लिए सरल बनाते हुए इस व्यवस्था में बिचौलिए से लेकर भ्रष्टाचार को खत्म करने का काम किया है।



गोहाना। प्रदीप सांगवान को गन्ने की पूली भेंट करते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। मन की बात कार्यक्रम सुनते हुए विधायक साथ में अन्य। फोटो : हरिभूमि

# मन की बात कार्यक्रम से देश को मिली नई दिशा : प्रदीप

**गोहाना।** बरोदा हलका से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से देश को नई दिशा मिली है। इस कार्यक्रम के तहत पत्राचार माध्यम से देश के लोगों को प्रधानमंत्री के साथ अपने विचार साझा करने का सुनहरा अवसर भी मिला है। प्रधानमंत्री भी लोगों के विचारों को इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के लोगों के साथ साझा करते हैं। पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान रविवार को गांव आहुलाना में बूथ संख्या 152 पर ग्रामीणों के साथ मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुनने पहुंचे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देश के लोगों को छठ महापर्व की बधाई दी। उन्होंने देशवासियों को स्वच्छ राष्ट्र निर्माण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में गांव आहुलाना के सरपंच कुलदीप, भाजपा कथूरा मंडल के अध्यक्ष अशोक सेन, पाला श्योराण, महावीर श्योराण, देवीराम, विजयपाल आर्य, राममेहर श्योराण, विनोद मलिक, जयसिंह मलिक, पहलवान जितेंद्र, श्रीभगवान, नीटू व मनोज सहित ग्रामीणों ने गन्ने के भाव में 15 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी करने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया। ग्रामीणों ने इस खुशी में प्रदीप सांगवान को गन्ने की पूली भेंट करके सम्मानित किया।

# विधायक मदान ने देव नगर में सुना प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम

**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान ने रविवार को वार्ड नं 15 के देव नगर में बूथ नंबर 181 पर पहुंचकर मन की बात कार्यक्रम को सुना। विधायक निखिल मदान ने बताया कि आज के संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल आधुनिक काल में राष्ट्र की सबसे महान विभूतियों में से एक रहे हैं। उनके विराट व्यक्तित्व में अनेक गुण एक साथ समाहित थे। मेरा आप सबसे आग्रह है, 31 अक्टूबर को सरदार साहब की जयंती पर देशभर में होने वाली रन फॉर यूनिटी में जरूर शामिल हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भगवान सूर्य की उपासना और लोक आस्था से जुड़ा छठ पर्व देश की सनातन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसमें माताओं द्वारा अपनी संतानों की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन के लिए 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाता है जोकि तप और समर्पण का प्रतीक है, जिसमें सभी माता बहनें 36 घंटे का व्रत रखती है और उगते एवं ढ़लते सूर्य को अर्क देकर पूजा अर्चना करती है। कार्तिक माह की चतुर्थी तिथि को पहले दिन नहाय खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगले महीने की 15 तारीख को हम 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाएंगे। यह भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती का सुअवसर है। इस अवसर पर सूरज राय जैन, निपुण जैन, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, राजू जैन, मनीष जैन, पवन तनेजा, मनोज गर्ग, अंकित जैन, कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

# खेलों से ही शारीरिक व मानसिक विकास संभव : जगदीश भावड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शारीरिक शिक्षक संघ हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश भावड़ ने कहा कि खेलों से ही युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास संभव है। खेलों से आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। हर युवा को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में बढ़ चढक़र हिस्सा लेना चाहिए। शारीरिक शिक्षक संघ हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश भावड़ ने कहा कि खेलों से जीवन में अनुशासन, समर्पण और समय प्रबंधन की भावना भी विकसित होती है। हर युवा को चाहिए कि वह पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपने कॅरियर का निर्माण करे। उन्होंने कहा कि खेल भावना जीवन में जरूरी है।


**विकास का प्रतीक**



खेल हमें जीत व हार दोनों को स्वीकार करना सिखाते हैं, जो जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण सबक है। प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश भावड़ ने कहा कि पुराने समय में हर गांव में कुश्ती, कबड्डी, खो-खो और हॉकी सहित अन्य परम्परागत खेल खेले जाते थे। ऐसे में खेल-खेल में ही युवाओं का शारीरिक और बौद्धिक विकास हो जाता था। खेल केवल मनोरंजन का साधन हीं हैं अपितु ये व्यक्ति के समग्र विकास में सहायक हैं। खेलों में सक्रिय भागीदारी से जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है।

# राई के 200 बुजुर्गो का कंबल देकर किया सम्मान

एथनिक इंडिया में विधायक कृष्णा गहलावत ने आयोजित किया कार्यक्रम, मंत्री एवं अन्य विधायक भी रहे मौजूद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

एथनिक इंडिया टूरिस्ट रिजॉर्ट राई में विधायक कृष्णा गहलावत ने रविवार को बुजुर्ग महिला व पुरुष 200 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया। समारोह में सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, खरखौदा के विधायक पवन खरखोदा, सोनीपत विधायक निखिल मदान, नगर निगम मेयर राजीव जैन, भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, भाजपा नेता माईराम कौशिक का कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक कृष्णा गहलावत ने पुष्पगुच्छ व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद विधायक कृष्णा गहलावत ने हल्के से आए हुए सभी बुजुर्ग महिला व पुरुषों का फूलमालाओं से स्वागत करते हुए कंबल देकर सम्मान किया और उन्हें लंच करवाया। मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने विधायक कृष्णा गहलावत द्वारा आयोजित किए गए सम्मान समारोह की सराहना और कहा कि आयोजन का उद्देश्य समाज के उन वरिष्ठजनों को सम्मान देना है, जिन्होंने अपने जीवन में संघर्षों, अनुभवों और संस्कारों के माध्यम से समाज को नई दिशा दी है और गांव में सबसे ज्यादा उम्र के है। विधायक निखिल मदान ने कहा कि हमारे बुजुर्ग हमारे संस्कार हैं।

**वरिष्ठ नागरिक समाज की अनमोल पूंजी**

विधायक पवन खरखोदा ने बुजुर्ग सम्मान समारोह में स्वदेशी अपनाओ पर जोर दिया। बुजुर्ग सम्मान समारोह कार्यक्रम की आयोजक एवं विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि आज का यह दिन मेरे लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का अवसर है, क्योंकि हम सब यहां एक साथ हमारे समाज की सबसे अनमोल पूंजी - हमारे वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में एकत्र हुए हैं। हमारे बड़े-बुजुर्ग सिर्फ उम्र से नहीं, बल्कि अनुभव, संस्कार और जीवन के ज्ञान से समाज के मार्गदर्शक होते हैं। उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन से ही परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव मजबूत होती है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि 'लाडो लक्ष्मी योजना',नारी सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। यह योजना सिर्फ आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि बेटी के सम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।




राई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जजपा सुप्रीमों अजय चौटाला व और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता। फोटो : हरिभूमि

**हर घर से एक सदस्य को जोड़े जजपा में : दुष्यंत**

# सरकार से प्रदेश का हर वर्ग दु:खी, मंडियों में किसानों की हालात पस्त : अजय चौटाला

**राई।** हर बूथ को मजबुत करें ताकि आगामी चुनाव में अपनी जीत पक्की की जा सके। यह बात जिला कार्यकर्ता के सम्मेलन में पूर्व उप मुख्यमन्त्री दुष्यन्त चौटाला ने कही । उन्होंन कार्यकर्ताओं को गांव लिवान स्थित एक बैंकट हाल में आहवान करते हुए कहा कि वे हर घर में जा कर एक सदस्य को जजपा के साथ जोडें और पार्टी कैडर को मजबूत करें तभी जजपा का भविष्य उज्जवल है। उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इस सरकार का मुख्य मन्त्री हर काम सुपर सी एम से पूछकर कर रहा है। सरकार पर बरसते हुए उन्होंने कहा कानून व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है सरे आम हत्याऐं हो रही हैं इस सरकार ने पुलिस को पंगु बना दिया है। उन्होंन सरकार पर बरसते हुए कहा कि करनाल में फर्जी जीरी बेच कर सरकार को चुना लगाने का काम किया गया है साथ ही बाहर से लाकर जीरी बेची जा रही है जिसके चलते स्थानीय किसान की फसल तक नहीं बिक रही । पूर्व सी एम ने कहा कि उन्होंने खरखौदा में मारूती का प्लांट लगाने के भरकस प्रयास किए वर्ना इस कम्पनी को सरकार गुजरात ले जाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि सैनी सरकार पिछले एक साल से नही डेढ़ साल से चल रही है। सरकार बताऐ की सोनीपत में कोई पांच नए काम हुए हैं। उधर जजपा सुप्रीमों अजय चौटाला ने भी सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि वैसे तो देश में मोदी सरकार चल रही है मगर असल में पूरे देश को अडानी एवं अम्बानी ही चला रहे हैं। भाजपा आम जन को जाति पाती एवं धर्म में उलझा कर वोट लेने का काम रही है। आज पूरे देश में जंगल राज चल रहा है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, जिलाध्यक्ष,राई हल्के के अध्यक्ष, गन्नौर हल्का अध्यक्ष सियानन्द त्यागी ,रमेश पहलवान, जिला प्रैस प्रवक्ता सुधीर,पूर्व प्रत्याशी बिजेन्द्र सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 831 रोगियों की जांच, तीन दिन की दवाइयां वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

समाज सेवा समिति सोनीपत की ओर से गीता भवन में मुफ्त स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन, शशिकांत कौशिक, वेद प्रकाश शर्मा, सुरेश भुटानी, ओपी एलावादी और लेखराज नासा ने शिरकत की।

समिति के सरपरस्त पवन गोयल और संयोजक शशिकरण नासा ने बताया कि कैंप में पैर से सिर तक की बीमारियों की जांच के लिए सोनीपत, पानीपत और दिल्ली के डॉ. श्रॉफ आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने



कार्यक्रम में पहुंचें विधायक निखिल मदान का स्वागत करते हुए संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

सेवाएं दीं। इनमें डॉ. रमेश नारंग, डॉ. अंकुश बत्रा, डॉ. दिनेश गोसाई, डॉ. हिमांशु गोयल, डॉ. अजीत सिंह ओबेरॉय, डॉ. सुधा कौशल, डॉ. ईशानी डूडेजा, डॉ. गौरव कामरा, डॉ. प्रवीण गुप्ता, डॉ. सुनीता धनखड़, डॉ. सननी मक्कड़, डॉ. मीनू घबरानी, वैद्य लेखराज नासा और डॉ. रामलाल बेडजा शामिल रहे। शिविर में कुल 831 रोगियों की जांच की गई।

समिति के प्रधान प्रवीण वर्मा और सरपरस्त रत्नेश बत्रा ने बताया कि सभी मरीजों को तीन दिन की मुफ्त दवाइयां दी गईं। वहीं वर्मा लैब, स्वास्तिक लैब और ज्योति ऑपरेशन सेंटर की ओर से आंखों की जांच की गई। समिति के प्रवक्ता सुरेंद्र सेठी और अविनाश सेठी ने बताया कि शिविर में समन्वय समिति के सदस्य रमेश चंद्र हसीजा, जतिंद्र रेलन, नरेंद्र भुटानी, सुरेश रेलन, सतीश अरोड़ा, रामकिशन, लक्ष्मी नारायण, मनोहर नारंग सहित अन्य मौजूद रहे।



# ऋषि चैतन्य आश्रम में लगा जांच शिविर, महिलाओं ने करवाई जांच

**गन्नौर।** आनंदमूर्ति गुरुमां की प्रेरणा से ऋषि चैतन्य आश्रम में रविवार को महिलाओं के लिए निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ आनंदमूर्ति गुरुमां ने किया। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र कादियान ने मुख्यतिथि शिरकत की और सेवा कार्यों की प्रशंसा की। आश्रम और ऐम्स, नई दिल्ली के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस शिविर में आसपास के गांवों से 92 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। ऐम्स के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम ने ऋषि चैतन्य आश्रम के चिकित्सा दल के साथ मिलकर महिलाओं की मुख्य रूप से मुख कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, स्तन कैंसर, और सामान्य स्त्री रोग परामर्श दिया गया। इसके अलावा, सभी प्रतिभागी महिलाओं का डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित एचपीवी टेस्ट भी निश्शुल्क किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**शहर के विवाह स्थल बुक होने शुरू, काम जोरों पर**

# देवोत्थान एकादशी पर एक से बजेंगी शहनाइयां अगले माह विवाह के 14, दिसंबर में 3 मुहूर्त

देवोत्थान एकादशी के दिन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ भगवान विष्णु और तुलसी माता का विवाह संपन्न कराया जाएगा



समाचार संबंधित फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

एक नवंबर को भगवान श्रीहरि विष्णु के चार महीने की योगनिद्रा से जागने के साथ ही शहनाइयों का दौर शुरू होगा। देवोत्थान एकादशी के साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। इस दिन से विवाह जैसे शुभ कार्यों पर लगे विराम के बाद फिर से रौनक लौट आएगी। देवोत्थान एकादशी के अवसर पर घरों और मंदिरों में शंख, घंटी बजाकर भगवान विष्णु को जागृत किया जाएगा। मान्यता है कि भक्तजन इस दिन एकादशी व्रत रखेंगे और तुलसी विवाह का आयोजन भी करेंगे। तुलसी विवाह को वैष्णव परंपरा में अत्यंत शुभ माना गया है, क्योंकि यह देवउठनी एकादशी के बाद होने वाला प्रथम मांगलिक उत्सव होता है। पारंपरिक रूप से विवाह का आयोजन शुभ मुहूर्त के अनुसार किया जाता है, ताकि नवविवाहित जोड़े का जीवन सुख, शांति और समृद्धि से भरा रहे। इस बार नवंबर और दिसंबर में कुल 14 वैवाहिक मुहूर्त पड़ रहे हैं, जिनके दौरान विवाह के बैंड-बाजों की गूंज सुनाई देगी। देवोत्थान एकादशी के दिन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ भगवान विष्णु और तुलसी माता का विवाह संपन्न कराया जाएगा। इस तरह एक नवंबर से पूरे क्षेत्र में मांगलिक संगीत की गूंज के साथ शादी सीजन का शुभारंभ होगा।

**ये है शुभ तिथियां**

दीपक शास्त्री ने बताया कि नवंबर में विवाह के लिए नौ शुभ तिथियां हैं 18, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29 और 30 नवंबर। वहीं दिसंबर में केवल 4, 10 और 11 दिसंबर को विवाह के लिए शुभ समय रहेगा। इसके बाद 16 दिसंबर से खरमास प्रारंभ हो जाएगा, जिसके चलते विवाह, गृहप्रवेश, मुंडन या अन्य मांगलिक कार्य वर्जित माने जाएंगे।

**बैंड-बाजा, घोड़ा-बग्गी, डेकोरेटर और फोटोग्राफर की बुकिंग जोरों पर**

शहर में विवाह सीजन को लेकर पहले से ही उत्साह का माहौल है। होटल, बैंक्वेट हॉल, धर्मशालाएं, कैटरिंग सर्विस, बैंड-बाजा, घोड़ा-बग्गी, डेकोरेटर और फोटोग्राफर की बुकिंग जोरों पर चल रही है। सिर्फ 26 दिनों की शादी सीजन के कारण आयोजकों के पास पहले से बुकिंग पूरी हो चुकी है। विवाह कार्यों से जुड़े लोगों का कहना है कि इस साल शादियों की संख्या अधिक रहने वाली है ।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 103 ने करवाई जांच



गन्नौर। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच करते हुए चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

लायंस क्लब गन्नौर और इंद्रप्रस्थ हॉस्पिटल पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में लायंस कम्युनिटी सेंटर गन्नौर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 103 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर और उन्हें प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई। शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने पहुंचने वाले नागरिकों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श प्रदान किया। डॉक्टरों द्वारा रक्तचाप, ब्लड शुगर और ईसीजी जांच की गई।

**डॉक्टरों ने दी सेवाएं**

*स्वास्थ्य जांच में सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाखा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. उदित नासा, जनरल सर्जन डॉ. करण कुकरेजा और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सलोनी सिंगला ने अपनी सेवाएं दीं। सभी चिकित्सकों ने मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और जीवनशैली में सुधार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। शिविर में उपस्थित डॉक्टरों ने बताया कि नियमित स्वास्थ्य जांच करवाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि समय-समय पर जांच करवाने से बीमारियों का प्रारंभिक अवस्था में ही पता लगाया जा सकता है। इस अवसर पर लायंस क्लब गन्नौर के प्रधान गौरव त्यागी, विपिन त्यागी, अजय त्यागी, संजिव सोबती, नरेंद्र पीतांजलि व अन्य मौजूद रहे।*